Title:Need to set up a Commission for creation of a separate Mahakoshal State out of Madhya Pradesh - Laid.

दादा बाबूराव परांजपे (जबलपुर) : सभापति महोदय, पूरा मध्य प्रदेश पिछड़ा है लेकिन विशेष रूप से महा कौशल क्षेत्र के लगभग २० जिले अतयंत पिछड़े हैं। इसमें प्रमुखतः जबलपुर संभाग, रीवा संभाग तथा सागर संभाग शामिल हैं। सर्वाधिक विकास हेतु वनांचल, उत्तराखंड तथा छत्तीसगढ़ राज्यों के समान महाकौशल राज्य की स्थापना की अत्यंत आवश्यकता है। पूरे भारतवर्ष में छोटे राज्यों की स्थापना हेतु विचार करने के लिए किसी आयोग का गठन करना जरूरी है। मेरा नम्र निवेदन है कि महाकौशल राज्य की स्थापना हेतु आयोग का गठन किया जाए।